SPEED POST / FAX / CONFIDENTIAL
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग
नई दिल्ली110016-
☏ 011-26855532, 011-26858570 FAX: 26
Website:http://kvsangathan.nic.in
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(VIGILANCE SECTION)
18, INSTITUTIONAL AREA
SHAHEED JEET SINGH MARG
NEW DELHI – 110016

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

एफ0 11059 / iii / 2017–के0वि0सं0 (सतर्कता) / 652 – 684. दिनॉक: 29 .09.2017

उपायुक्त / निदेशक
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
सभी क्षेत्रीय कार्यालय / जीट

विषयः सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2017 का पालन ।

महोदया / महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी परिपत्र न0 08 / 08 / 17 दिनांक 17.08.2017 के अनुसार दिनांक 30.10.2017 (सोमवार) से 04.11.2017 (शनिवार) तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2017 मनाया जाना है तथा इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 12.09.2017 के द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जो भी अनुदेश जारी किए गये है उसके अनुपालन हेतु पहले ही आपको अवगत किया जा चुका है।

इसी संदर्भ में आगे अवगत करना है कि उपरोक्त परिपत्र न0 08 / 08 / 17 दिनांक 17.08.2017 के अनुदेश के अलावा इस संबंध में सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा अर्ध–शासकीय पत्र दिनांक 20.09.2017 (प्रतिलिपि संलग्न) के तहत कुछ और अनुदेश जारी किए है। इसके अर्न्तगत केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा सभी केन्द्रीय विद्यालयों में पढने वाले बच्चों को "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" 'Integrity Pledge' स्वैच्छिक आधार पर www.cvc.nic.in में आन लाईन लेने के लिए व्यवस्था करें तथा सुविधा उपलब्ध कराएँ। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें जो दिशानिर्देश मंत्रालयों / विभागों / संगठनों द्वारा अलग से जारी किए गए है उनका पालन सभी केन्द्रीय विद्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2017 के दौरान विभिन्न कियाकलाप द्वारा किया जाए। तथा सभी विद्यालयों को यह सूचित करें कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2017 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2017 का पालन केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी परिपत्र न0 08 / 08 / 17 दिनांक 17.08.2017 व सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अर्ध–शासकीय पत्र दिनांक 20.09.2017 के अनुसार ही किया जाए। इसके साथ–साथ यह भी सुनिश्चित कराये कि केन्द्रीय विद्यालय में पढने वाले बच्चों को "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" 'Integrity Pledge' स्वैच्छिक आधार पर www.cvc.nic.in में आन लाईन लेने के लिए सभी व्यवस्था व सुविधा उपलब्ध कराएँ। तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2017 के पालन की रिपार्ट दिनांक 10.11.2017 तक इस कार्यालय में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के परिपत्र दिनांक 17.08.2017 के निर्धारित प्रपत्र (Annexure-F) में ई–मेल द्वारा acvigilancekvs@gmail.com. अवश्य भिजवाने का कष्ट करें।

भवदीय

(जी0 के0 श्रीवास्तव)
अपर आयुक्त(प्रशा0)
एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी

संलग्न : यथोपरि
प्रतिलिपिः–

1. सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, जी0 पी0 ओ0 कम्पलेक्स, ब्लाक –ए, आई0 एन0 ए0, नई दिल्ली।
2. उपायुक्त, ई0डी0पी0, के0वि.सं0, को इस निवेदन के साथ की पत्र को (मुख्यालय), के0वि.सं0, की वेबसाइट में शीर्ष सूचनापट (Announcement) के अंर्तगत अपलोड करें।
3. गार्ड फाईल ।